दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

वर्ष : 11 ● डिजिटल अंक : 105 ● मुंबई, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 ● प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 2 ● मूल्य-0.00 ● निःशुल्क ●

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की कार का पीछा करने वाले चार युवक गिरफ्तार, पुलिस का बड़ा खुलासा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की कार का पीछा करने वाले चार युवकों और एक किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के लिए वीडियो बनाया. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया. गिरफ्तार चारो युवक गणेश, राहुल, सहिल और लोकेश जयपुर के बगरू के रहने वाले हैं. बगरू थाना पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है.

**वासुदेव देवनानी की कार का किया था पीछा**

कल शाम 6:00 बजे विधानसभा



अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जयपुर से अजमेर के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान जयपुर अजमेर हाईवे पर - 20 कार में सवार युवकों ने देवनानी की कार का पीछा करके वीडियो बनाने लगे. बाद में संदिग्ध स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई. टोल नाके पर भी पुलिस ने नाकाबंदी की. लेकिन, मौका पाकर युवक फरार हो गए.

### पुलिस ने चारो आरोपियों से पूछताछ कर रही है

घटना के बाद डीसीपी वेस्ट अमित कुमार बुडानिया के सुपरविजन में कार के नंबरों के आधार पर जांच शुरू की गई, डीसीपी ने बताया कि कल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की कार का संदिग्ध लोगों ने पीछा करके वीडियो बनाने की जानकारी मिली थी. जिसके बाद जांच शुरू की गई रफ ड्राइविंग का मामला सामने आया है. सड़क पर लोगों की जान को खतरे में डाला गया. फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, और पूछताछ जारी है.

## मुख्यमंत्री के काफि ले में रांग साइड से तेजी से आती हुई गाड़ी के कारण घटित दुर्घटना

### दुर्घटना की उच्च स्तरीय जाँच होगी, DCP ईस्ट को सौंपी जाँच की ज़िम्मेदारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** पुलिस मुख्यालय द्वारा राजधानी जयपुर में बुधवार दोपहर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफि ले में काफिले के सामने रांग साइड से तेजी से आती हुई गाड़ी के कारण घटित दुर्घटना की उच्च स्तरीय जाँच का निर्णय लिया गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस घटना की जाँच डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम को सौंपी गई है।इस घटना में मुख्यमंत्री की गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त होते हुए बाल बाल बची थी।

डीजीपी साहू ने इस दुर्घटना में पुलिस एएसआई सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु



पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। वहीं दुर्घटना में घायल पुलिस कर्मियों एवं अन्य घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

## आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन भींडर द्वारा जरूरतमंद परिवारों को ऊनी कम्बल वितरण

### विधायक ने किया बैनर का विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भींडर ।** आचार्य सुनील सागरजी महाराज की मंगल प्रेरणा से आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर द्वारा डाक बंगला भींडर जनसुनवाई के बाद विधायक उदयलाल डांगी के मुख्य आतिथ्य में जरूरतमंद परिवारों को ऊनी कम्बल वितरण की गई। इस अवसर पर संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार, उपखंड अधिकारी



रमेशचंद्र बहेडिया, श्यामलाल सहू, भारत व्यास, भेरूलाल चौबीसा, प्रकाश सेन, महेंद्र स्वर्णकार, गौरव भोजावत, पवन व्यास, मीठालाल समदानी, विमल मौर्य मौजूद थे। विधायक और अतिथियों ने आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर द्वारा मकर संक्रांति पर भींडर में जरूरतमंद लोगो के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बैनर का विमोचन किया।

## कोतवाली पुलिस ने राहगीर से मारपीट व लूटपाट के आरोपी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर ।** पुलिस थाना कोतवाली डूंगरपुर ने साबेला बाईपास मार्ग पर राहगीर से शराब के लिए पैसे मांगने और पैसे न देने पर मारपीट करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। करण पुत्र भूरा कनिपा, उम्र 24 वर्ष, निवासी घुघरा, थाना सदर, डूंगरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 अक्टूबर 2024 को वह गैस कुकर का व्यवसाय करके लौट रहा था। शाम 5 बजे करीब साबेला



बायपास पर दो व्यक्ति कार से आए और उसे रोककर पैसे मांगने लगे। पैसे न देने पर उन्होंने बेल्ट से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। डूंगरपुर की पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और वृत्ताधिकारी तपेंद्र मीणा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र के जरिए जांच की। आरोपी राजेंद्र उर्फ राजू माल्या, निवासी घुघरा फला खेडनमाता, थाना सदर डूंगरपुर, को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक हरि सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, कांस्टेबल अर्जुन सिंह शामिल रहे।

## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : घोड़ी दाणा पर जुआ खेल रहे 29 जुआंरी गिरफ्तार

### राजस्थान निवासी 19 एवं मध्य प्रदेश के 10 जने पकड़े गए, दांव पर लगे 10.87 लाख रुपए नगद, जुआ सामग्री एवं एक करोड़ रुपए कीमत के 9 लग्जरी वाहन जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/भीलवाड़ा ।** भीलवाड़ा जिले की कारोई व गंगापुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर कारोई थानांतर्गत एक फार्म हाउस पर दबिश देकर घोड़ी दाना व ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे 29 जुआरियों को गिरफ्तार कर 10 लाख 87 हजार 50 रुपए नकद सहित जुआ सामग्री व एक करोड़ रुपये कीमत के 09 लग्जरी वाहन जब्त किये है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार को एसएचओ कारोई लक्ष्मी नारायण गुर्जर को मुखबिर से सूचना मिली कि सुंदरपुरा स्थित एपी फार्म हाउस में बहुत सारे लोग घोड़ी दाणा पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर एएसपी रोशन पटेल व सीओ रविन्द्रप्रताप सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ गंगापुर फूल चन्द व एसएचओ लक्ष्मीनारायण गुर्जर के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सुन्दरपुरा पहुंच एपी फार्महाउस पर दबिश दी गई। जहां कुल 29 व्यक्ति घोड़ा दाणा पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने इन जुआरियो के पास से 6 लाख 73 हजार 50 रुपये व सभी के बीच में रखे कुल 4 लाख 14 हजार रुपये मिले। मौके पर घोड़ी दाणा, दो ताश की गड्डी व सिगरेट-माचिस के पैकेट मिले। इस प्रकार सम्पूर्ण रकम 10 लाख 87 हजार 50 रुपए व



जुआ सामग्री एवं मौके पर खड़े कुल 09 लग्जरी वाहन जब्त किये गये। मामले में थाना कारोई पर राज. जुआ अधिनियम 1949 एव बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

**राजस्थान के 19 जुआरी गिरफ्तार, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, ब्यावर, अजमेर व शाहपुरा के है निवासी**

मौके से पुलिस ने आरोपी अनिल पटवा (33) निवासी थाना भदेसर जिला चित्तौड़गढ़, मोहम्मद यामिन (62), शारिक (26) व तबरेज अहमद (44) निवासी थाना निम्बाहेडा कोतवाली जिला चितोडगढ, समीर (26) निवासी थाना सदर निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़, हीरा लाल सिंधी (48) निवासी थाना प्रताप नगर जिला भीलवाड़ा, राजेश कुमार खटीक (50), रफीक मोहम्मद (69) व बंसती लाल सोनी (30) निवासी थाना भीमगंज जिला भीलवाड़ा, मुज्जफर शेख (42) निवासी थाना कोतवाली जिला भीलवाडा, मदनसिह चौहान (43) व इकबाल मोहम्मद (32) निवासी थाना सुभाषनगर जिला भीलवाड़ा, महबुब अली (53) निवासी थाना गंज जिला अजमेर, मुकेश जाट (37) थाना सिविल लाईन अजमेर, मुकेश खटीक (35) निवासी थाना शाहपुरा जिला शाहपुरा, राजेन्द्र माली (49) थाना ब्यावर शहर जिला ब्यावर, मुकेश लौहार (27) निवासी थाना जवाजा जिला ब्यावर, वकार खान (30) निवासी थाना गुमानपुरा जिला कोटा, सुरेश बंजारा (42) निवासी थाना महावीर नगर कोटा को गिरफ्तार किया है।

**मध्य प्रदेश के 10 जुआरी गिरफ्तार**

इसी प्रकार सोनु चौहान (40), सिदीक खा (45) व साहिद खा (46) निवासी थाना सिटी कोतवाली जिला मंदसोर एमपी, मनोहर शर्मा (34), पंकज जैन (42) व कुलदीप शर्मा (33) निवासी जावद जिला नीमच एमपी, शाहरूख (32) निवासी थाना रतनगढ जिला नीमच एमपी, गिरिश जैन (43) निवासी थाना बडोद जिला आगर एमपी, योगेश सेन (40) निवासी कनावटी थाना नीमच एमपी, चाहत जैन (47) निवासी थाना नीमच छावनी एमपी को गिरफ्तार किया गया।

## सबको बीमा अभियान 2047 के लिए आमजन को करें जागरूक वंचितों का करें बीमा

### जिला कलक्टर ने दिये निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित ₹सबको बीमा अभियान 2047 योजना के अन्तर्गत राज्य बीमा योजना की क्रियान्विति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु गठित जिला स्तरीय बीमा समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कार्यालय में आहुत की गई। बैठक में कलेक्टर संधु ने कहा कि लोगों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बीमा एक महत्वपूर्ण माध्यम है और हर व्यक्ति तक बीमा को पहुंचाने के लिए सबको बीमा अभियान 2047 को लेकर अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जाना चाहिए। इस हेतु जागरूकता केम्प, सोशल मीडिया पर ऑडियो वीडियो विज्ञापन, रैली, रोड शो आदि का आयोजन किया जाना चाहिए।

कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे जिले में अब तक हो चुके बीमा कार्य की जानकारी प्राप्त करें, पूर्व में चल रही बीमा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास करे और फिर वंचितों के बीमा के लिए शिविर लगाकर तथा अभियान चलाकर प्रयास करें, इस हेतु जिला अग्रणी बैंक, बैंकिंग मित्र, ई-मित्र, पंचायत राज संस्थाओं, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि का सहयोग लिया जावें। रोजगार विभाग के माध्यम से होने वाले शिविरों, मेलों में भी बीमा कंपनी प्रतिनिधि बीमा से संबधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक में सभी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हो तथा व्यापक बीमा कवरेज हेतु सभी उपलब्ध बीमा पॉलिसीयों के प्रति आमजन को जागरूक कर सरकार की मंशा अनुरूप लोगो को बीमा का बेहतर ढंग से अधिकाधिक लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राज लक्ष्मी गहलोत द्वारा यूनाईटेड इंडिया इन्शोरेंश को आवंटित सलूम्बर की दस ग्राम पंचायतो में 100 प्रतिशत बीमा कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। समिति के सदस्य सचिव राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग उदयपुर, ग्रामीण के संयुक्त निदेशक मोहम्मद रऊफ तथा यूनाईटेड इंडिया इन्शोरेंश कम्पनी के प्रतिनिधि तरूण पूरोहित ने राज्य बीमा योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सी०एम०एच०ओ० डॉ सम्पत लाल मीणा, डी०टी०ओ० श्री सुरेन्द्र सिंह गुलिया, बैंक मेनेजर प्रवीण भाटी, यूनाईटेड इंडिया से अपूर्व बडाला, बजाज अलायंज के प्रतिनिधि रवि शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## 12 दिसंबर को होगी रन फॉर विकसित राजस्थान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़ ।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसी कड़ी में होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रतापगढ़ में जिला स्तर पर रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ का आयोजन किया जाएगा । यह दौड़ 12 दिसम्बर, गुरुवार को प्रातः 8 बजे से अम्बेडकर सर्किल से शुरू होकर जीरो माईल चौराहा तक समाप्त होगी ।

जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने बताया कि रन फॉर विकसित राजस्थान में जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि , स्कूली छात्र व आम जन शामिल होंगे । कलेक्टर डॉ राजोरिया ने जिले के नगर एवं ग्राम वासियों से इस रन फॉर विकसित राजस्थान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है ।

## धरियावद विधायक ने खजूरी फला विद्यालय का किया निरीक्षण

### स्कूल भवन के अभाव से तिरपाल से ढके झोपड़े में पढ़ाई हो रही

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

रिपोर्ट : हितेश पालीवाल

**धरियावद ।** पहाड़ा ग्राम पंचायत में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खजुरी फला को तत्कालीन मुख्यमंत्री की वर्ष 2022-23 की घोषणा संख्या 28(1) की पालना में शिक्षा विभाग राजस्थान, जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आदेशो से शुभारम्भ तो हो गया परन्तु विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो गया । क्षेत्रीय विधायक थावरचन्द डामोर ने पहाड़ा पहुंचकर विद्यालय का निरीक्षण किया लेकिन न तो विद्यालय के लिए भवन उपलब्ध है और ना ही पट्टाउपलब्ध है । केलूपोश मकान के पास तिरपाल से ढके एक झोंपड़े में कक्षा 1 से 4 तक संचालित हो रही है जिसमें कुल 46 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। बिना चारदीवारी के तिरपाल की छांव में बैठे छात्र छात्राओं को देखकर



विधायक ने नाराजगी जाहिर की। विधायक ने स्थिति को देखते हुए तुरंत प्रभाव से विधायक मद से टीन शेड व इंटरलॉकिंग कार्य 7 दिन के अंदर करवाए जाने की घोषणा की एवं साथ ही छात्र छात्राओं के लिए 50 स्वेटर वितरित करवाए जाने की बात कही। पहाड़ा मेन सड़क से लगभग 4 किलोमीटर का रास्ता कच्चा एवं पथरीला होने से विधायक ने इसको जल्द ग्रेवल करवाए जाने हेतु आश्वस्त किया। 4 किलोमीटर दूर मोबाईल नेटवर्क में जाकर विभागीय अधिकारीयों मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीएफओ को इस सम्बन्ध में कॉल कर जानकारी दी। नवनिर्मित मोबाईल टॉवर को जल्द शुरू किए जाने के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारीयों से चर्चा करने की जानकारी दी।

# चित्तौड़गढ़ जिले की थाना चंदेरिया पुलिस ने कस्बे में हुई नकबजनी की वारदात का किया खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ़्तार, करीब 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/चित्तौड़गढ़ ।** चित्तौड़गढ़ में चंदेरिया कस्बे में 23 नवम्बर की रात को सूने मकान से अज्ञात बदमाशों द्वारा नकबजनी कर करीब 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात चुरा ले जाने के मामले का खुलासा करते हुए चंदेरिया पुलिस ने तीन आरोपियों इरफान मोहम्मद पुत्र शाबिर मोहम्मद (27) निवासी नई आबादी पुठोली थाना गंगरार, निसार मोहम्मद पुत्र वजीर खान (25) निवासी प्रताप कॉलोनी थाना चंदेरिया एवं मोहम्मद हनीफ पुत्र मोहम्मद हुसैन (30) निवासी चंदेरिया को गिरफ्तार कर चुराए गये सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि सब्जी मंडी के पास चंदेरिया निवासी महेन्द्र कुमार प्रजापत 23 नवम्बर को अपने परिवार के साथ मुण्डन संस्कार में बाहर चले गये, उसी



रात अज्ञात लोगों द्वारा उसके मकान में प्रवेश कर कमरे का रोशनदान व ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात व नगद करीब 6 लाख रुपए चोरी कर ले गये थे। इस पर प्रकरण चंदेरिया थाने पर दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

नकबजनी की उक्त वारदात का खुलासा करने के लिए एएसपी सरिता सिंह एवं डीएसपी ग्रामीण शिव प्रकाश के सुपरविजन व थानाधिकारी चंदेरिया धर्मराज मीना के नेतृत्व में एएसआई प्रभु लाल, कांस्टेबल अरविन्द कुमार, किशन लाल, अर्जुन लाल, मूलाराम, माणकराम व जितेन्द्र द्ववारा चोरी व नकबजनी के प्रकरणों में चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की गई। घटनास्थल के आसपास व कस्बा चंदेरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किय गये।

सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त हुलिये के बारे में पहचान कर आसूचना संकलन कर अज्ञात आरोपियों का पता लगा आरोपी इरफान मोहम्मद, निसार मोहम्मद व मोहम्मद हनिफ को गिरफ़्तार कर चुराया गया पूरा माल सोने चांदी के जेवरात बरामद करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी इरफान मोहम्मद के पूर्व मे विरूद्ध चोरी का एक व मोहम्मद हनीफ के विरूद्ध आर्म्स एक्ट सहित चोरी के कुल तीन प्रकरण दर्ज है।

# पीएमसीएच में उन्नत तकनीक से युक्त

## बाल चिकित्सा और नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का विस्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में उन्नत तकनीक से युक्त बाल चिकित्सा और नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू और एनआईसीयू) का विस्तार कर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं में एक और मील का पत्थर जोड़ा है। पीएमसीएच में अपनी नई विस्तारित बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) और नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) का उद्घाटन पीएमयू के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,सीईओ शरद कोठारी,बाल एवं नवजात शिशू रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर मावडिया एवं डॉ.पुनीत जैन ने किया है।

इस अवसर पर राहुल अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना। इस विस्तार के



माध्यम से गंभीर चिकित्सा स्थितियों में बच्चों को तत्काल और प्रभावी उपचार की सुविधा का फायदा मिलेगा।उद्घाटन के इस अवसर पर पीढ़ियाट्रिक आईसीयू विशेषज्ञ डॉ.पुनीत जैन ने बताया कि पीआईसीयू और एनआईसीयू में अत्याधुनिक उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है। इन इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सक और प्रशिक्षित नर्सों की टीम चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी, जो बच्चों की विशेष चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

# उदयपुर, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों में डीएमएफटी द्वारा 296 करोड रुपए खर्च

## सांसद मन्नालाल रावत के प्रश्न पर कोयला एवं खान मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** संभाग के खनन क्षेत्र उदयपुर, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के अंतर्गत स्थापित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) द्वारा सितंबर तक 1468 परियोजनाएं स्वीकृत की गई और इन पर 296 करोड रुपए खर्च किए गए हैं।

उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत द्वारा बुधवार को संसद में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की ओर से यह जानकारी दी गई।

सांसद श्री रावत ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के अंतर्गत विशेषकर राजस्थान में कार्य किया जा



रहा है। यदि हां, तो राजस्थान के विशेषकर उदयपुर, सलुम्बर, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों से संबंधित ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है। सथ ही सरकार द्वारा राजस्थान को आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अब तक उपयोग की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को खनन पट्टाधारकों से प्राप्त वैधानिक अंशदान द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों की ओर से डीएमएफ को बजट आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है।**

जवाब में कोयला और खान मंत्रालय द्वारा बताया गया कि राजस्थान राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, उदयपुर, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों सहित राज्य के 33 जिलों में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) स्थापित किए गए हैं। चूंकि नए जिले सलूम्बर में अभी तक पृथक डीएमएफटी ट्रस्ट की स्थापना नहीं की गई है, इसलिए वर्तमान में इसे डीएमएफटी उदयपुर के अधीन संचालित किया जा रहा है। जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को खनन पट्टाधारकों से प्राप्त वैधानिक अंशदान द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों की ओर से डीएमएफ को बजट आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है। पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष में आज तक डीएमएफटी के माध्यम से पीएमकेकेकेवाई के अंतर्गत उदयपुर, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों में 3173 परियोजनाएं स्वीकृत की गई जिसमें 1468 पूर्ण कर ली गई है। पूर्ण परियोजनाओं पर 296 करोड 50 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

# गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** गीता जयंती के अवसर पर गीता रामायण सेवा संघ अशोकनगर में त्रिदिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन के अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री रविंद्रजी श्रीमाली ने अपने उद्बोधन में जीवन में निष्काम कर्म योग करते हुए सांसारिक जीवन में प्रभु की प्राप्ति की सरल माध्यम को अपनाने का भगवान श्री कृष्ण ने जो संदेश दिया है उसे पर प्रकाश डाला। संस्थान के सचिव डॉक्टर जय राज आचार्य ने इस अवसर पर कहां की भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए उपदेशों से हम जीवन में सतत अभ्यास करते हुए अपने अवगुणों को कम कर सत्गुणों की और कैसे बढ़ सकते हैं इस पर अपने विचार रखें।

सभी भक्तजनों ने गीता के श्लोक का पठन-पाठन किया एवं माता बहनों ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के भजनों से गीता जयंती के कार्यक्रम को हर्ष उल्लास से बनाने का सहयोग प्रदान किया।

# हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आज

## कन्याओ ने सिर पर कलश धारण कर निकाली भव्य शोभायात्रा

### संत महात्माओ समेत ठाकुर साहब ने की शिरकत छोटूसिंह रावणा एंड पार्टी देगी भजनो की प्रस्तुति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सिरोही।** निकटवर्ती पाडीव कस्बे मे बुधवार सुबह जगजी बावसी मंदिर से बाजते गाजते ढ़ोल धमाको के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा जगसी बावसी मंदिर से होते हुए मुख्य बाजार, खेतलाजी मंदिर होते हुए पुनः हनुमान मंदिर



पहुंची।ग्रामीणों ने इस विशाल शोभायात्रा मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।शोभायात्रा मे डीजे की धुन पर महिलाओ व पुरुषो ने नाचने का आनंद लिया। शोभायात्रा मे संत महात्माओ मे श्रीं मंगलपुरी महाराज(श्रीं इडर धाम, गुजरात),श्रीं 1008 कर्णगिरी महाराज(श्रीं विकेश्वर धाम,ओड़ा) व गांव के ठाकुर साहब समरवीरसिंह देवड़ा एवं चढ़ावो के लाभार्थियों ने रथ पर बिराजमान होकर शोभायात्रा निकाली।

श्रीं हनुमान मंदिर जिणोद्वार प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना व फले चुनड़ी आज 12 दिसम्बर को होंगी। कलश यात्रा व शोभायात्रा का शानदार नजारा देखकर ग्रामीणों मे भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम मे हजारों पुरुषो, महिलाओ व बालिकाओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह महोत्सव समस्त ग्रामवासियो के तत्त्वावधान मे आयोजन किया जा रहा है, जिसकी फले चुनड़ी आज 12 दिसम्बर गुरुवार को (महाप्रसादी) के साथ ही कार्यक्रम की पूणार्हुति होंगी। उसके बाद सभी संत महात्माओ व चढ़ावे के लाभार्थियों का बहुमान किया जाएगा। शाम को भजन संध्या प्रख्यात भजन गायक छोटूसिंह रावणा एंड पार्टी की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी।

# राठौड़ युवा अध्यक्ष, वैष्णव उपाध्यक्ष मनोनीत

## भगवतीलाल मीणा पिलादर क्षेत्रिय अध्यक्ष, सुभम आगाला मीडिया प्रभारी मनोनीत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का विस्तार बुधवार को संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी निर्देशन में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी एवं संरक्षक एडवोकेट निर्मल पण्डित ने जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का विस्तार करते हुए हैप्पी सिंह राठौड़ को युवा जिला अध्यक्ष, अरूण वैष्णव को उपाध्यक्ष, भगवतीलाल मीणा को पिलादर क्षेत्रिय अध्यक्ष, सुभम आगाला को मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया। अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने कहां कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा









के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। इस नए संगठन से मानव सेवा एवं बच्चों की शिक्षा व चिकित्सा को मुख्य लक्ष्य मानकर सेवा कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक निर्मल पण्डित, राष्ट्रीय सचिव मोहनलाल सुथार, कोषाध्यक्ष प्रेमकुमार सुथार, उपाध्यक्ष लालचंद खटीक, मंत्री राजेश कुमार खटीक, उप सचिव भरत कुमार रेगर व जिलाध्यक्ष जसवंत तेली, प्रदेशाध्यक्ष मनीष पोखरना, महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष संतोष तंवर, जिला उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, सलूम्बर जिला उपाध्यक्ष कैलाश कलाल, संगठन मंत्री खेमराज पटेल, सलूम्बर जिलाध्यक्ष अनिल सुथार, जिला उपाध्यक्ष नाथूलाल धनघर आदि मौजूद रहे।

# डरा धमका कर रुपए मांगने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़**, जिले में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलवीरसिंह मीणा और पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी दीपक कुमार बंजारा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए प्रकरण में वांछित अभियुक्त शाहिद पिता जलाल खान पठान, निवासी देवल्दी, थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। 13 अक्टूबर 2024 को



प्रार्थी आजाद खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने एक साल पहले देवल्दी निवासी इकबाल उर्फ भय्यु से 7 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। पूरी राशि और ब्याज के 4.50 लाख रुपये चुका देने के बाद भी इकबाल, उसका जीजा शाहिद और अन्य व्यक्ति प्रार्थी को धमकाकर और पैसे मांग रहे थे। उन्होंने प्रार्थी की मोटरसाइकिल और कार भी छीन ली थी। इस पर थाना प्रतापगढ़ में प्रकरण मामला दर्ज किया गया

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर अभियुक्त शाहिद को 11 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गठित पुलिस टीम थानाधिकारी दीपक कुमार बंजारा, कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल सोनु, कांस्टेबल राजवीर शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री करेंगे विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन

## 8020 स्मार्ट कक्षाओं का भी होगा लोकार्पण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को शिक्षा संकुल में नव निर्मित विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री जोधपुर में चल रहे मेगा रोजगार मेले के दौरान बटन दबाकर इस केंद्र का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान राज्य के इस कड़ी में करीब 9624 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के 4010 राजकीय विद्यालयों में नव स्थापित 8020 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के 23,100 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट और कृषि, ऑटोमोबाइल, ब्यूटी एंड वैलनेस, हेल्थ



केयर, अपेरल मेडअप व होम फर्निशिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर और प्लम्बर सहित 7 सेक्टर की 75,325 कौशल सामग्री का वितरण भी किया जाएगा।इस संबंध में प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि यह केंद्र प्रदेश के 68,000 से अधिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 81 लाख विद्यार्थियों, 4 लाख शिक्षकों और सवा लाख कर्मचारियों के डेटा की निगरानी करेगा। यह प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र से जुड़ा है, जिससे राज्य के शिक्षा प्रदर्शन संकेतकों की सटीक निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल तकनीक, डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके विद्यार्थियों के समग्र विकास, शिक्षकों के सशक्तिकरण और प्रशासकों को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा मंत्री ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ के साथ, राज्य शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में अग्रसर होगा। इस तरह की आधुनिक तकनीकी पहल से राज्य के विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल और समृद्ध बनेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक – पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय – गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in, नोट: (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) ।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।